# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024


छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् द्वारा नवमी से बारहवीं कक्षा तक के परीक्षा परिणामों की घोषणा बुधवार को कर दी गई है। दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में रिकॉर्ड छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष अर्थात 10वीं में 98.48 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। वहीं उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष अर्थात 12वीं कक्षा में 98.43 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे हैं। अन्य बोर्ड की तुलना में संस्कृत विद्यामंडलम् के परिणाम बेहतर रहे हैं।

# संस्कृत में सभी विद्वान, 10वीं-12वीं का रिजल्ट रहा 98 फीसदी से ज्यादा, मुस्लिम छात्रों ने भी हासिल की भगवत गीता की शिक्षा

- नवमी से बारहवीं कक्षा तक के परीक्षा परिणामों की घोषणा
- 3 हजार 504 परीक्षार्थी हुए थे शामिल, प्रदेश में बनाए गए थे 41 परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सभी कक्षाओं को मिलाकर परीक्षा परिणाम 96.35 प्रतिशत रहा। कक्षा नवमी से बारहवीं तक 3 हजार 504 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। इसमें 2 हजार 90 बालक एवं 1 हजार 414 बालिकाएं रहीं। इनमें 1 हजार 891 बालक और 1 हजार 305 बालिकाएं उत्तीर्ण हुईं।वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् की सचिव अलका दानी ने ▶▶|शेष पेज 6 पर





## दो सगे भाइयों सहित चार मुस्लिम छात्र प्रथम श्रेणी में

जांजगीर चांपा। जांजगीर जिले के पामगढ़ ब्लॉक अंतर्गत डोंगाकोहरौद में संचालित संस्कृत विद्यालय के कक्षा 12वीं के दो छात्रों शेख सुल्तान और शेख दानिश हुसैन ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। दानिश और शेख सुल्तान दोनों सगे भाई हैं। उन्हें क्रमशः 68.29 और 68.57 प्रतिशत अंक मिले हैं। इसी प्रकार जांजगीर चांपा जिले के ही बलौदा ब्लाक अंतर्गत गोवा वन में संचालित संस्कृत ▶▶|शेष पेज 6 पर

## योग, प्राचीन दर्शन सहित संस्कृत साहित्य

संस्कृत विद्यामंडल के पाठ्यक्रम में हिंदी, इंग्लिश, विज्ञान, गणित जैसे अन्य विषयों सहित संस्कृत विषय की भी पढ़ाई होती है। संस्कृत की तीन परीक्षाएं होती हैं। इसमें भगवत गीता, योग, प्राचीन दर्शन सहित कई तरह की चीजें शामिल रहती हैं। विशेष बात यह है कि मुस्लिम छात्रों ने भी विधिवत इसकी शिक्षा हासिल की है। पांच में से चार मुस्लिम बच्चों ने परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। 12वीं में शेख दानिश हुसैन ने 68.29%, शेख सुल्तान ने 68.57% और मोहम्मद अयान ने 71% अंक हासिल किए। 12वीं की छात्रा अनमता राज ने 73.14 प्रतिशत हासिल किए। इसी तरह दसवीं में रतनपुर के मोहम्मद रिज़वान ने भी सफलता हासिल की है। छग विद्यामंडलम् की सचिव अलका दानी ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा, संस्कृत भारत की प्राचीन भाषा है। मुस्लिम बच्चों में संस्कृत के प्रति रूचि पूरे समाज में अच्छा उदाहरण है।









### लाइसेंस लेने नहीं जमा की राशि, ब्लैक लिस्टेड हुए, शासकीय टेंडर में नहीं ले सकेंगे भाग

# महंगा अहाता ले लिया, अब चलाने से इंकार

# बिलासपुर में 61 और रायपुर में पांच सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/ बिलासपुर

ऐसा कहा जा रहा है कि ऊंची बोली की वजह से ठेका लेने वालों ने सरेंडर किया है। बिलासपुर में हालत और बुरी है। यहां 64 में 61 ने सरेंडर कर दिया है। इन्होंने पैसा जमा नहीं कराया।

खास खबर

आबकारी विभाग की नई नीति के तहत रायपुर जिले में 56 अहातों का टेंडर निकाला गया था। इनमें से एक को छोड़कर 55 अहातों के लिए बोली लगाई गई थी। टेंडर खोलने पर सबसे ज्यादा बोली लगाने वालों को अहाता का ठेका दिया गया है। टेंडर 10 मई को खोला गया था। इसके बाद सभी ठेकेदारों को 2 दिन के भीतर अहाता खोलने के लिए लाइसेंस लेने की प्रक्रिया करनी थी। इस प्रक्रिया के दौरान ठेकेदारों को कुल ठेके की राशि का 6 प्रतिशत बैंक गारंटी के रूप में जमा कराना था। यह राशि जमा कराने के बाद ही ठेकेदार को लाइसेंस जारी होना था। बैंक गारंटी की राशि जमा करने का 14 मई को अंतिम दिन था। 55 में से 5 अहातों के ठेकेदार लाइसेंस लेने ही नहीं पहुंचे। विभाग ने जब उनसे मोबाइल पर संपर्क किया, तो सभी ▶▶|शेष पेज 6 पर

*रायपुर जिले में अहाता के टेंडर में नाम आने के बाद पांच लोगों ने अहाता चलाने से इनकार कर दिया है। इन सभी लोगों ने अहाता का लाइसेंस लेने की समय-सीमा में प्रक्रिया भी पूरी नहीं की। इसके कारण आबकारी विभाग ने अब इन पांचों अहातों का ठेका निरस्त कर दिया है, साथ ही इन लोगों ने ऑनलाइन आवेदन के दौरान कुल बोली राशि का जो 3 प्रतिशत जमा कराया था, उसे भी जब्त कर लिया है। टेंडर में नाम आने के बाद ठेका नहीं लेने पर इन सभी लोगों के नाम भी ब्लैक लिस्टेड की सूची में डाल दिया गया है। इसके बाद ये लोग कभी भी किसी शासकीय टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाएंगे।*

### इतने में बिके थे निरस्त हुए अहाते

*देशी उरला अभनपुर 45 लाख 11 हजार, विदेशी सड्डू 28 लाख 35 हजार, विदेशी कटोरातालाब 45 लाख 11 हजार, विदेशी फाफाडीह 30 लाख 65 हजार एवं देशी कम्पोजिट संतोषीनगर का ठेका 28 लाख 11 हजार में गया था।*

### ऊंची बोली वाले को प्राथमिकता

*5 अहाता सरेंडर हुए हैं। जिन्हें ठेके मिले हैं, उन्होंने चलाने से इनकार कर दिया है। उनकी जमा राशि जब्त कर ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जा रही है। ठेका निरस्त करने के बाद दूसरे नंबर की ऊंची बोली वाले को पहले प्राथमिकता देंगे।*

*- **विकास गोस्वामी,** उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर*

### जमा की गई 3 फीसदी राशि जब्त कर ली गई


अहातों ने भरा खजाना, रायपुर में एक अहाता ऐसा, जो बिका 94 लाख में,
457 अहातों का हुआ टेंडर, 103 करोड़ की कमाई
राज्य भर से मिलेंगे 100 करोड़
टीपी नगर का अहाता

### इन अहातों का ठेका निरस्त

टेंडर में नाम आने के बाद अहाता चलाने से इनकार करने के बाद देशी उरला अभनपुर, विदेशी सड्डू, विदेशी कटोरा तालाब, विदेशी फाफाडीह एवं देशी कम्पोजिट संतोषीनगर अहाता का ठेका निरस्त किया गया है। इन अहातों का ठेका क्रमशः रोशनदास मानिकपुरी, सूरज प्रसाद धीवर, रमनीक सिंह भाटिया, अरुण शुक्ला एवं सुरेंद्र प्रताप सिंह को मिला था। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 5 लाख से अधिक राशि जब्त

अहाता के टेंडर के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। आवेदन करने वाले आवेदक से प्रोसेसिंग फीस के रूप में पांच हजार रुपये और कुल बोली का 3 प्रतिशत जमा कराया गया है। जिन पांच लोगों ने टेंडर में नाम आने के बाद अहाता चलाने से इनकार किया, उन सभी की 3-3 प्रतिशत राशि कुल 5 लाख 37 हजार 990 रुपये जब्त किया गया है।

### 64 में 61 ने चलाने से किया इंकार

*बिलासपुर जिले में भी 64 अहाता के लिए टेंडर निकाला गया था। टेंडर में भी सभी अहातों के लिए आवेदन आए थे। टेंडर में सबसे ऊंची बोली लगाने वालों को इन अहातों का ठेका भी दिया गया, लेकिन समय सीमा के अंदर लाइसेंस लेने के लिए बैंक गारंटी व दस्तावेजों की जो प्रक्रिया पूरी करनी थी, उसे सिर्फ 3 लोगों ने किया है। शेष 61 लोगों ने अहाता चलाने से इनकार कर दिया है। इस तरह जिले में अहाता की योजना लगभग फेल होती नजर आ रही है। इधर इस मामले में सहायक आयुक्त दिनकर वासनिक ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि* ▶▶|शेष पेज 6 पर

# जल्द मिलेगी गर्मी से राहत, 31 मई तक केरल पहुंचेगा मानसून


13 जून : जगदलपुर, 16 जून : रायपुर, 21 जून : अंबिकापुर

पिछले साल चार दिन की देरी से 8 जून को पहुंचा था मानसून / इस साल सामान्य से अधिक बारिश का जताया अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर आईएमडी का अनुमान

दक्षिण-पश्चिम मानसून के 31 मई के आसपास केरल पहुंचने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि इस साल, दक्षिण-पश्चिम मानसून के 31 मई को केरल पहुंचने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बुधवार को कहा, यह जल्दी नहीं है। यह सामान्य तारीख के करीब है क्योंकि केरल में मानसून की शुरुआत की सामान्य तारीख एक जून है।

### मानसून की ऐसी चाल

- 19 मई:अंडमान सागर के साथ बंगाल की खाड़ी में प्रवेश
- 25 मई: पूर्वोत्तर भारत में आगे बढ़ेगा
- 31 मई: केरल तट पर होगी एंट्री
- 27 जून: उत्तर भारत में पहुंचने की उम्मीद
- 10 जून : महाराष्ट्र
- 20 जून: गुजरात-मप्र
- 20 से 25 जून - उत्तर प्रदेश/ हिमाचल/कश्मीर
- 30 जून: दिल्ली/ राजस्थान/हरियाणा

### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

राजस्थान 144/9 VS पंजाब 145/5

5 विकेट से जीती पंजाब

63* रन, 2 विकेट : सैम कुरेन
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

हैदराबाद VS गुजरात

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### ओपन स्कूल के परिणाम जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ ओपन स्कूल द्वारा बुधवार को दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। दसवीं कक्षा में जहां सिर्फ 54.39 प्रतिशत छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं तो वहीं बारहवीं कक्षा में 66.03 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा पास की है। दसवीं की परीक्षा में 38 हजार 405 छात्र शामिल हुए थे। बारहवीं की परीक्षा 52 हजार 982 छात्रों ने दिलाई थी। दोनों ही कक्षाओं के परिणाम ओपन स्कूल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।




### कंचनपुर की घटना

## आईईडी ब्लास्ट कर टीआई की कार को नक्सलियों ने उड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

फरसेगढ़ से बीजापुर आ रहे टीआई की कार को निशाना बनाते हुए माओवादियों द्वारा आईईडी ब्लास्ट किया गया। ब्लास्ट में कुछ सेकंड की हुई चूक से कार का अगला हिस्सा तो क्षतिग्रस्त हुआ, लेकिन कार में सवार टीआई व प्रधान आरक्षक ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ब्लास्ट के बाद दोनों सुरक्षित

*घटना के दौरान थाना फरसेगढ़ एवं छसबल की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली हुई थी। सोमनपल्ली के पास थाना प्रभारी के वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया गया। निरीक्षक आकाश मसीह एवं प्रधान आरक्षक संजय सुरक्षित है। ब्लास्ट के बाद सर्चिंग की जा रही है।*

*-जितेन्द्र यादव*
*एसपी, बीजापुर*

# बिकने वाली है हल्दीराम ब्लैकस्टोन ने लगाई बोली

### कंसोर्टियम कंपनी ने 75 फीसदी हिस्सेदारी के लिए लगाई बोली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की प्रसिद्ध नमकीन एवं स्नैक्स बनाने वाली कंपनी हल्दीराम जल्द बिक सकती है। ब्लैकस्टोन के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने कंपनी की 75 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए बोली लगाई है। इन कंसोर्टियम में ब्लैकस्टोन के अलावा अबु धाबी इनवेस्टमेंट अथॉरिटी और सिंगापुर स्टेट फंड जीआईसी भी शामिल है। हल्दीराम के स्नैक्स बिजनेस की वैल्यूएशन 8.5 अरब डॉलर आंकी गई है। इस कंसोर्टियम ने अपनी बोली लगा दी है। हल्दीराम देश का ▶▶|शेष पेज 6 पर




### नागपुर और दिल्ली के कारोबार का मर्जर करना होगा

रिपोर्ट के अनुसार, इस डील में शर्त रखी गई है कि हल्दीराम को अपने नागपुर और दिल्ली के कारोबार का मर्जर करना होगा। अगले 4 महीने में यह मर्जर पूरा हो सकता है। हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल का मालिकाना हक दिल्ली में रह रहे अग्रवाल परिवार के लोगों के पास है।


# कांग्रेसी नेता की हत्या के तीन आरोपी भिलाई में धरे गए

- नारायणपुर पुलिस के इनपुट पर दुर्ग पुलिस ने खोजा

भिलाई। नारायणपुर के कांग्रेसी नेता विक्रम बैस हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने भिलाई से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक नारायणपुर पुलिस के इनपुट के आधार पर सैमुएल, रवि रंजन और संदीप उर्फ संजीव यादव को पकड़ा गया है। इन पर आरोप है कि नारायणपुर में हुए कांग्रेसी नेता के हत्याकांड में शामिल थे। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ढेका में पकड़े गए शूटर सहित दो आरोपी

बिलासपुर। क्रेटा सवार शूटर सहित दो आरोपियों को पुलिस बीती रात पीछा कर घेराबंदी करते हुए ढेका के खार में पकड़ लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों व कार को नारायणपुर पुलिस को सौंप दिया है।



### छानबीन है जारी, स्थानीय ग्रामीणों का हो सकता है हाथ

# तेंदुए का शिकार कर अंगों को काटकर ले गए तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

- कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज का मामला, सीसीएफ सहित आला अधिकारी पहुंचे मौके पर

दो दिन पहले ही तेंदुए ने तीन बकरियों को अपना निशाना बनाया था जिसके बाद दूसरे दिन तेंदुए को शिकारी ने अपना शिकार बना लिया है और उसके अंगों को काटकर ले भागे हैं। जैसे ही इसकी भनक वन विभाग के अफसर को लगी बिलासपुर से सीसीएफ सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले में छानबीन की जा रही है। प्रारंभिक जांच के दौरान स्थानीय लोगों का हाथ होने की संभावना जताई जा रही है वन विभाग की टीम जल्द ही इस कृत्य को अंजाम देने वाले लोगों



धरपकड़ करने की बात कह रहा है। उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट के अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक 25 में एक तेंदुए को मृत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी गई। तेंदुए की मौत होने की खबर वन विभाग के अफसर को मिलते ही ▶▶|शेष पेज 6 पर

### वन विभाग ने नहीं दिखाई सक्रियता

जब 2 दिन पहले ही चैतमा रेंज में तेंदुए की दस्तक हो गई थी और एक किसान के तीन बकरियों को उसने अपना निशाना बनाया था इसके बाद भी चैतमा रेंजर दिनेश कुर्रे द्वारा हमले के बाद भी सक्रियता नहीं दिखाई गई। तेंदुआ की आहट हुई है तो उसकी किस तरह से देखरेख करनी चाहिए और ग्रामीणों को सावधान करना चाहिए यदि वन विभाग ने सक्रियता दिखाई ▶▶|शेष पेज 6 पर

### भालू के हमले से वनरक्षक की मां की मौत

रायगढ़। जिले में तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई वनरक्षक की मां पर भालू ने अचानक हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।गांव के ग्रामीणों के अनुसार बताया जा रहा है कि महिला इंदरमति अगरिया सामहरसिंघा बीट में पदस्थ श्याम अगरिया फारेस्टगार्ड की मां है जो कि छाल में रहती थी। बुधवार सुबह वह बोजिया के जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने गई थी इस दरम्यान भालू ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले छाल रेंज के बोजिया 15 मई को 505 पीएफ जंगल में तेंदूपत्ता तोड रही महिला श्रीमती इंदरमति पति होरीलाल अगरिया पर जंगल विचरण कर रहे एक भालू ने अचानक हमला ▶▶|शेष पेज 6 पर






# SRU

## SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY, RAIPUR

23rd Years of Excellence

Approved & Recognized By :

PROUD STATUS "UGC12 (B)" IN INDIA SRU IS AMONGST THE 13TH

**Admissions Open 2024-25** | **Upto 100% Scholarship**

**8000+** भारतीय एवं विदेशी विद्यार्थियों का विश्वसनीय विश्वविद्यालय कैंपस

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी

**SUNDAY OPEN**

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु
**निःशुल्क कोचिंग**

## निःशुल्क एडमिशन काउंसलिंग

प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे यूनिवर्सिटी कैंपस में

रायपुर से दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन काउंसलिंग की सुविधा

## विद्यार्थियों की पहली पसंद SRU


- भविष्य निर्माण हेतु 143 रोजगारपरक कोर्स
- एक समयावधि में दो डिग्रियों को पूर्ण करने की सुविधा
- यूनिवर्सिटी परीक्षा उपरांत 72 घण्टों के अंदर परीक्षा परिणाम
- 100 % तक की छात्रवृत्ति
- छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास
- रायपुर लोकल, धमतरी, दुर्ग एवं राजिम के लिए बस परिवहन सुविधा
- विद्वान एवं अनुभवी फैकल्टी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
- विश्वस्तरीय 70 प्रयोगशालाएं एवं 5 लाइब्रेरी में 50000 से अधिक पुस्तकें
- 03 ऑडिटोरियम एवं 2 जिम
- स्टूडेंट मोबाईल एप में लेक्चर प्लान, नोट्स, नो ड्युस, परीक्षा प्रवेश पत्र, ऑनलाईन फीस भुगतान, परीक्षा परिणाम आदि
- विद्यार्थियों के द्वारा लेक्चर-गुणवत्ता के फीडबैक हेतु रेटिंग सुविधा
- 100 % विद्यार्थियों के लिए ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के माध्यम से रोजगार
- 65 एकड़ में विस्तारित उत्तम शैक्षणिक वातावरण हेतु विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर
- विशिष्ट ज्ञान हेतु औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण
- फैकल्टी मेंटर के माध्यम से कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष शिक्षण
- 3 खेल मैदान एवं 3 विशाल ऑडिटोरियम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी
- विश्वस्तरीय कान्फ्रेंस, वर्कशॉप एवं व्याख्यान माला के माध्यम से विशेष शिक्षण
- पीएचडी स्कॉलर हेतु विश्वस्तरीय शोध की सुविधाएं

## वर्किंग प्रोफेशनल के लिए भी डिप्लोमा एवं डिग्री में प्रवेश प्रारंभ

**फ्लेक्सिबल टाइमिंग में रेगुलर कोर्स**

**डिप्लोमा, बी.टेक, एम.टेक इंजीनियरिंग कोर्स की सुविधा**

Engineering Offered Courses






**MBA**
HRM, M&S, FM, IT, Hospital Admin, Supply Chain, Business Analytics, Disaster Management, Banking Management Rural Management, Travel & Tourism Management, Etc.


- BBA
- M.Com.
- B.Com.



**PHARMACY**
- D. Pharmacy
- B. Pharmacy
- M. Pharmacy Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics



**HEALTH & ALLIED SCIENCES**
- B. Opto
- M. Opto
- B. MLT
- B.Sc.
- M. Sc.



**LAW**
- B.A. LLB.
- B.COM. LLB.
- L.L.B
- L.L.M.



**Fashion & Interior Design**
- Diploma
- P.G. Diploma
- B. Sc.
- M. Sc.
- B. A.
- M.A.



**Journalism & Mass Comm.**
- B.J.
- M.J.
- B. A. (JMC)
- M. A. (JMC)



**HOTEL MANAGEMENT**
- M.B.A (HM)
- B.B.A (HM)
- B.H.M.C.T..
- Diploma

**Ph.D (Regular & Part Time), Arts & Social Science, Yoga, Education, Science.**

**100% Campus Placement Drive**

Scan For Admission

**7222910411**

NH-30, Post Mana, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) India

Follow on : / sruraipurindia /shrirawatpurasarkar

